हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

12 चिकित्सकों को समय पर अस्पताल आने के निर्देश



13 क्षेत्र में रोपाई कार्य शुरू...





Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > BCA, B.Sc.(CS), PGDCA 9294603013
Communication > BA(JMC), PGDJ 9294603033
Education > D.B.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > BBA 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24

# गड़े धन के लालच में आधी रात सिरपुर जंगल के अंदर खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गड़े धन के लालच में आधी राज सिरपुर क्षेत्र के जंगल के भीतर खुदाई का वीडियो वायरल होने के बाद जानकारी मिली है कि खुदाई में उपयोग की गई जेसीबी को जब्त कर लिया गया है। लेकिन, अब तक इस मामले में संबंधित विभाग या प्रशासन के हवाले से कोई अधिकारिक बयान जारी नही किया गया है। बता दें कि सिरपुर पुरातात्विक क्षेत्र होने के साथ ऐतिहासिक महत्व की स्थली भी है। खुदाई कर पुरावशेषों को खंडित किए जाने पर की कार्रवाई की जानी चाहिए साथ ही खुदाई किए जाने के उद्देश्य और खुदाई से प्राप्त धन अथवा पुरातिहासिक मूर्तियों को अपने कब्जे में लिया जाना प्रशासनिक चुनौती बनकर सामने आई है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि यहां पहले पूजा-पाठ की गई जहां चूड़ी और अन्य सामग्री भेंट की गई है। वीडियो देखने से लग रहा है कि यह जगह बहुत ही प्राचीन है जहां एक मोटी सी दीवार प्रतीत हो रहा है। हालांकि इस जगह पर क्या मिला है, यह पता लगाने का विषय है।



### जेसीबी की जब्ती लेकिन कार्रवाई नहीं

वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि विभागीय अमला जेसीबी तो जब्त कर ली है लेकिन, कार्रवाई में देरी से कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। बताया रहा है जेसीबी में कौन खुदाई कर रहा था अभी तक संबंधित विभाग के अधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं।

### विश्व धरोहर सिरपुर के संरक्षण में शासन-प्रशासन फेल : विनोद



पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा है कि सरकार की उपेक्षा व प्रशासनिक लापरवाही से प्रतिबंधित क्षेत्र सिरपुर में गड़े धन के लिए अवैध रूप से खुदाई की गई। सिरपुर जैसे पुरातन धरोहर से परिपूर्ण प्रतिबंधित क्षेत्र में गड़े धन निकालने वाले गिरोह का सक्रिय होना, प्रशासनिक विफलता का साक्ष्य दे रहा है। यहां खुदाई के बाद गड्ढे से पुरातन काल के अवशेष निकले हैं। बेशकीमती प्रतिमाओं व खजानों से परिपूर्ण सिरपुर में रातों रात अवैध खुदाई कर पुरातन संपत्ति की चोरी की घटना शर्मनाक है। अवैध खुदाई पर प्रशासन की खामोशी को संदिग्ध करार देते हुए पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कही। उन्होंने कहा कि खुदाई में प्रयुक्त जेसीबी जब्ती के बाद भी अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई नहीं होना इंगित करता है कि इसमें संलिप्त लोगों को सत्ता पक्ष के प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है।

### सिरपुर में खुदाई का मामला गंभीर, कड़ी कार्रवाई की मांग

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि सिरपुर में खुदाई की खबरें सामने आई है, जो कि बहुत ही बहुत गंभीर मामला है। और उसका वीडियो और फ़ोटो देख के स्पष्ट दिख रहा है कि उसमें कोई बड़ा बक्सा, संदूक और अन्य अत्यंत बहुमूल्य, बेशकीमती सामान रहा होगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्थलों पर अवैध खुदाई भारतीय पुरातत्व अधिनियम 1958 के तहत एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में भी आता है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद ऐसी बड़ी पहली घटना साय की भाजपा सरकार के समय होना उनके संरक्षण में हुआ प्रतीत हो रहा है क्योंकि, जिस प्रकार से चीजों को छुपाया जा रहा है, इस तरह की गतिविधियों न केवल आपराधिक है, बल्कि यह राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर के साथ भी खिलवाड़ है।



## खबर संक्षेप

### बरगांव में अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरगांव में एक आरोपी से करीब 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बरगद पेड़ के पास मेन रोड बरगांव में अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा है। किशोर कुमार पिता वासुदेव कुमार (37) बरगांव का निवासी बताया गया है। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति से तलाशी लेने पर एक सफेद रंग की पांच लीटर वाली प्लास्टिक जरकीन में भरा हुआ करीबन 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए रखा मिला, जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

**महासमुंद।** पटेवा थाने में एक महिला ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने वाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। घटना 26 जून 2024 रात करीब 10:40 बजे की है। आरोपी द्वारा जब महिला के मोबाइल पर अश्लील फोटो भेजकर वायरल करने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक तथा खगेंद्र चंद्राकर निवासी थाना पिथौरा के विरुद्ध अपराध धारा 506, 509 (ख), 67 आईएनएफ, 67(ए) आईएनएफ पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### जमीन विवाद लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम पिपलखुंटा में मारपीट गाली गलौच करने का मामला दर्ज किया गया है। संतोष दास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया 11:30 बजे उसका भतीजा प्रकाश दास मानिकपुरी पटवारी को बुलाकर जमीन नपवाने गया था। जहां संतोष के पिता प्रेमदास और संतोष भी मौजूद थे। जहां प्रकाश दास मानिकपुरी ने संतोष को और उसके मेरे पिता को गाली गलौज करते हुए हाथ में रखे डंडा से मार दिया, जिससे उन्हें चोट लगी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### तारपीन तेल का सेवन करने से बच्ची की मौत

**महासमुंद।** नयापारा में तारपीन तेल का सेवन करने से डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईश्वरी ध्रुव पिता सादराम (1 साल 6 माह) निवासी नयापारा महासमुंद ने अपने घर पर तारपीन तेल का सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## अव्यवस्था : पहली ही बारिश में विद्युत व्यवस्था चरमराई

# बिजली ने लोगों को बेहाल किया घंटों बंद, उमस, गर्मी से जूझे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बीते बुधवार शाम से पहली ही बारिश में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। जिला मुख्यालय में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक तेज हवा के साथ बारिश के बाद लोग घरों में बिना बिजली के घंटों अंधेरे में रहे। लोग उमस और गर्मी से बेहाल रहे। अमूमन यही स्थिति जिले के अन्य स्थानों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रही। जहां देर रात तक बिजली आई तो कहीं लो वोल्टेज तो कहीं बिजली की आंख मिचौली जारी रही।

बता दें कि बरसात के दिनों में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाली के लिए विभाग ने एक जून से लेकर 19 जून के बीच अलग-अलग स्थानों की लगभग 5-6 घंटे बिजली बंद कर मेंटनेंस किया। जिसमें तार के दायरे में आने वाले पेड़ों की छंटाई, लूज प्वाइंट, इंसुलेटर, ट्रांसफार्मर की जांच, केबल तारों की जांच व अन्य विद्युत अवरोध पैदा कर सकने वाले उपकरणों की जांच व खराब होने की स्थिति में उन उपकरणों को बदला। इस दौरान लगभग 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के तापमान में आम जनता भीषण गर्मी झेलती रही, यह सोचकर कि मेंटनेंस के बाद बरसात के दिनों में बार-बार बिजली बंद की समस्या से निजात मिलेगी। लेकिन, बुधवार को हुई तेज हवा के साथ बारिश ने विद्युत विभाग की सभी तैयारियों पर पानी फेर दिया और बारिश के दौरान जिला मुख्यालय में इंसुलेटर ब्लास्ट, ट्रांसफॉर्मर फेल, तार टूटने व अन्य तकनीकी खराबियों के चलते शहर का आधा हिस्सा घंटों अंधेरे में रहा। विद्युत विभाग के अनुसार बारिश के दौरान बिजली बंद की करीब 200 शिकायतें आई। शहर एई सूर्य कुमार लांझी ने बताया कि बारिश व तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने व विभिन्न तकनीकी खराबी आने के कारण कई स्थानों की बिजली बंद रही। जैसे-जैसे शिकायत मिली वैसे-वैसे सुधार किया गया। जिन स्थानों पर रात में काम पूरा नहीं हो पाया वहां आज सुबह से कर्मचारी व्यवस्था दुरुस्त कर रहे हैं। आने वाले दिनों में जनता को परेशानी न हो इसका प्रयास किया जा रहा है।



### जिले में अब तक 99.4 मिलीमीटर औसत वर्षा, सर्वाधिक वर्षा महासमुंद तहसील में 165.1 मिलीमीटर

जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 99.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 165.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 119.1 मिलीमीटर, बसना में 97.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 94.0 मिलीमीटर, पिथौरा में 82.1 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 38.8 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 27 जून को 13.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में महासमुंद तहसील में 33.0 मिलीमीटर, बागबाहरा और सरायपाली में 13.5 मिलीमीटर, पिथौरा में 11.7 मिलीमीटर, बसना में 5.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 4.9 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

### तकनीकी खराबी

बारिश व तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने व विभिन्न तकनीकी खराबी के कारण कई स्थानों की बिजली बंद रही। जैसे-जैसे शिकायत मिली वैसे-वैसे सुधार किया गया। जिन स्थानों पर रात में काम पूरा नहीं हो पाया वहाँ आज सुबह से कर्मचारी व हमारी टीम व्यवस्था दुरुस्त कर रही है। आने वाले दिनों में जनता को परेशानी न हो इसका प्रयास किया जा रहा है।

-सूर्य कुमार लांझी
एई, विद्युत विभाग (शहर)

# 185 बीजों की रिपोर्ट में 5 अमानक

## खाद-बीज की सैंपलिंग कर रहा कृषि विभाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरीफ सीजन आने के साथ ही कृषि विभाग इन दिनों बीज और खाद की सैंपलिंग कर रहा है। इस बार विभाग को बीजों के 235 सैंपल और खाद के 210 का लक्ष्य मिला है। अब तक बीजों के लगभग 213 और खाद के 144 सैंपल भेजे जा चुके हैं।

बता दें कि किसानों को मानक स्तर के बीज और खाद मिले, इसके लिए विभाग द्वारा हर साल बीज और खाद का सैंपल परीक्षण प्रयोगशाला लाभांडी रायपुर भेजा जाता है। खाद व बीजों की सैंपलिंग अप्रैल से शुरू हुआ है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। खाद-बीज के सैंपल की रिपोर्ट में 15-20 दिन लगता है। रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है और उन्हें बाजार से वापस मंगा लिया जाता है। कृषि विभाग के एडीओ और सैंपल इंस्पेक्टर मनोज पटेल ने बताया कि खाद व बीजों की सैंपलिंग का कार्य चल रहा है। इस साल विभाग को बीज का 235 का लक्ष्य मिला है। अभी तक 213 बीजों का सैंपल भेजा जा चुका है जिनमें से 185 की रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिसमें से 180 की रिपोर्ट मानक तथा 5 अमानक पाए गए हैं। शेष 28 की रिपोर्ट जल्द ही प्राप्त हो जाएगी। इस प्रकार शेष 4 बीजों के सैंपल प्रयोगशाला जल्द भेजे जाएंगे। इसी तरह खाद के लिए 210 का लक्ष्य मिला है। अभी तक 144 खाद का सैंपल भेजा जा चुका है ,जिसमें से 52 की रिपोर्ट आई है जो सभी मानक हैं । शेष 92 खाद सैंपल जल्द भेजा जाएगा।

### पिछले साल खाद - बीज के 409 का सैंपल का था लक्ष्य

श्री पटेल ने बताया कि पिछले साल विभाग को खाद और बीज के 409 सैंपल लेने का लक्ष्य मिला था। गत वर्ष बीज का लक्ष्य से अधिक 209 सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजा गया था जिसमें से 208 बीज का सैंपल की रिपोर्ट मानक आई थी और एक अमानक पाया गया था। इसी तरह खाद का भी लक्ष्य से अधिक 206 का सैंपल लिया गया था जिसमें सभी 206 की रिपोर्ट मानक पाई गई थी।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरायपाली में चाय दुकान से घर लौट रहे एक युवक की पुरानी रंजिश को लेकर तीन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर मारपीट की, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वार्ड नंबर 11 सरायपाली निवासी तजहर खान ने पुलिस को बताया शाम वह चाय दुकान गया था, जहां करीब 8:11 बजे रात को जब वह वापस घर आ रहा था तो पुरानी रंजिश को लेकर बिट्टू एवं उसके साथी अमन, समीर व रेहान गालियां देने लगे, मना करने पर तुझे आज जान से मार देंगे कहकर हाथ मुक्का , लाठी, डंडा एवं कोई धारदार चीज से मारपीट किए, जिससे चोट आई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 34, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।





**महासमुंद।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के आगमन पर उनका स्वागत किया।

# प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**प्रवेश परीक्षा प्रीबीएड में 9,538 एवं प्रीडीएलएड में 14,384 परीक्षार्थी होंगे शामिल, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे नोडल अधिकारी नियुक्त**

छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन रविवार 30 जून 2024 को दो पालियों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय में प्रथम पाली में प्रीबीएड की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक 32 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। वही द्वितीय पाली में जिला एवं विकासखंड मुख्यालय में प्री डीएलएड की परीक्षा का आयोजन अपराह्न 2 बजे से शाम 04:15 बजे तक 50 परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। प्री बीएड की परीक्षा में 9,538 परीक्षार्थी एवं प्रीडीएलएड की परीक्षा में 14,384 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संपूर्ण परीक्षा के सुचारू व निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**महासमुंद।** भारतीय न्याय संहिता के संबंध में पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा 28 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# बाउंड्रीवाल पर अश्लील लेखन करने से मना करने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



बसना थाना अंतर्गत ग्राम बिछिया में एक व्यक्ति को स्कूल के बाउंड्रीवाल पर अश्लील लेखन करने से मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। खीरसागर गढतिया ने पुलिस को बताया कि 25 जून 2024 को वह सुबह 7 बजे कृषि कार्य से घर आ रहा था, तभी उसने गोस्वामी प्रधान पिता भरत प्रधान को स्कूल के बाउंड्रीवाल पर कुछ अश्लील लेखन करते हुए देखा और ऐसा करने से मना किया। इसके बाद गोस्वामी प्रधान गाली गलौज व बहस कर हाथापाई करने लगा। बीच बचाव करने आए पिता दिलीप गढ़तिया के साथ भी मारपीट शुरू कर दिया। गोस्वामी प्रधान व उसका पुत्र सोमेश प्रधान द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी भी दिया गया । मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# लिफ्ट देने से मना करने पर चाकू मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुंडा का है मामला

सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम अर्जुंडा में लिफ्ट नहीं देने से एक युवक का रास्ता रोककर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए पेट में चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अर्जुंडा निवासी सूरज बाघ 25 जून 2024 को श्याम मोटर्स में काम करने गया था। काम खत्म कर रात 8:30 बजे ऑफिस बंद कर कुटेला चौक से अर्जुंडा अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 1080 से घर जा रहा था तो करीब 8:30 से 9 बजे के मध्य अर्जुंडा मोड़ के पास एक मोटर सायकल पर मौजूद तीन लड़के मुकेश यादव उर्फ मुंडा, भूपेंद्र भोई व आशीष मिश्रा, सूरज के मोटर सायकल को रोककर लिफ्ट मांगे जब रात्रि में सूरज ने लिफ्ट नहीं देने की बात कही तो आशीष मिश्रा व भूपेंद्र भोई ने सूरज के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। इसके बाद सूरज जब मोटर सायकल स्टार्ट कर जाने लगा तो इतने में मुकेश उर्फ मुंडा यादव ने गुस्से में आकर लिफ्ट नहीं दोगे तो जान सहित मार दूंगा कहकर गालियां देते हुए अपने पास रखे चाकू से सूरज के ऊपर कई बार वार कर दिया, जिससे उसके पेट के बांये साइड में गंभीर चोट पहुंचा इसके बाद सूरज लहूलुहान हालत में अपने मोटर सायकल को स्टार्ट कर जान बचाकर अर्जुंडा चौक तक गया और फोन के माध्यम से अपने भाई को सूचित किया तो उसके भाई ने अपने साथियों के साथ अर्जुंडा चौक जाकर प्रायवेट वाहन कर भाई को इलाज हेतु सरायपाली पहुंचाया, जहां से रायपुर रेफर करने पर रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 294, 307, 323, 34, 341 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष राहुल जन सरोकारों के होंगे प्रहरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र मजबूत हुआ। सरकार की मनमानी पर रोक लगेगी और सदन में गरीब जनता, किसान, युवा, सभी वर्गों की आवाज बुलंद होगी। संवैधानिक संस्थानों पर नियुक्ति में जो संघ समर्थित लोगों को मनमानी तरीके से बैठाया जाता था, वह अब नहीं होगा, संविधान सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार की मनमानी, तानाशाही नीतियां और जन विरोधी कानूनों के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके मोदी सरकार द्वारा उत्पन्न किए गए डर भय को खत्म किया है।

### उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** दुर्ग सराफा संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रकाश सांखला ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेट की। इस मुलाकात के दौरान श्री सांखला ने प्रदेश सराफा व्यापार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को सराफा संघ की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया, जिनमें व्यापारियों के लिए सुविधाओं में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती, और डिजिटलाइजेशन के माध्यम से व्यापारिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के विषय प्रमुख थे।

### चंगोराभाटा भवन में लगाया कपड़ों का मेला

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल ने श्रीकृष्णा कोचिंग द्वारा प्रयोजित 'वस्त्र-कपड़ों का मेला' नाम से एक मेगा मेले का आयोजन किया। 2500 से अधिक कपड़ों का मेला चंगोराभाटा स्थित सांस्कृतिक भवन में बुधवार को लगाया गया। जेसीआई कैपिटल के अध्यक्ष जेसी रितिक अग्रवाल ने बताया कि कपड़ों का मेला में लगभग 1500 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य वंचितों को कपड़ा उपलब्ध कराना था।

## निधन

### भोज साहू



**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ जनरल स्टोर्स के संचालक भोज साहू का आकस्मिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम खोपली में किया गया। वे धनराज साहू के बड़े भाई एवं जशराज, मेघराज व जीवा के पिता थे।

## निरीक्षण : कलेक्टर ने लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा

# चिकित्सकों को समय पर अस्पताल आने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- पिथौरा में सोनासिल्ली, दुरुगपाली एवं मेमरा उपस्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मैदानी स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखंड पिथौरा अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र सोनासिल्ली, दुरुगपाली एवं मेमरा का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के निर्धारित सभी आठ सेवा प्रावधानों के मानकों के अनुसार निरीक्षण किया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के 8 विषय सेवा प्रावधान, रोगियों के अधिकार, इनपुट, सहयोगी सेवाएं, क्लीनिक सेवाएं, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली परिणाम में बांटकर निर्धारित बिंदुओ पर विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने इन केंद्रों में मरीजों का आवश्यकतानुसार त्वरित उपचार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान दवाइयों की उपलब्धता तथा मौके पर मौजूद लोगों से भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक समय पर आएं और मरीजों का बेहतर उपचार करें। बीमारी के गंभीरता को देखते हुए ही जिला अस्पताल रेफर करें। जिले में चल रहे सिकलसेल जांच अभियान की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिकल सेल से संबंधित जो भी मरीज आए उनका उचित परीक्षण एवं उपचार करें। आवश्यक जांच करते हुए पात्र पाए जाने पर दिव्यांग प्रमाण पत्र भी जारी किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सिकल सेल को मिटाने जनभागीदारी भी सुनिश्चित करें। अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिले इसके लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति लाएं तथा छूटे हुए लोगों का सर्वे कर उनका आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यहां मोतियाबिंद के मरीजों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उपस्वास्थ्य केंद्र स्तर पर संधारित होने वाले आवश्यक रजिस्टर एवं रिकॉर्ड का जायजा लिया। कलेक्टर मलिक ने उप स्वास्थ्य केंद्र दुरुगपाली में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार मिले। कलेक्टर ने विकासखंड अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट भी भेजना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा, डीपीएम नीलू धृतलहरे एवं चिकित्सक मौजूद थे।




# नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व पुष्पहार से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस शाउमावि दुलारपाली में कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर व पुष्पहार से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गांव के वरिष्ठ कृषक जीवनलाल साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सतत अभ्यास, स्वानुशासन और मेहनत से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है, इसलिए नियमित स्कूल आएं और कक्षा कार्य और गृहकार्य समय पर पूरा कर शिक्षकों से जांच करवाएं। जिससे गलतियों को सुधार सकें। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। ततपश्चात उपस्थित नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम को व्याख्याता दुबेलाल पोर्ते, रोहित साहू और कविता पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण कुमार नायक, शरद कुमार बाघ, अंजली पटेल, सुशांत प्रधान, राकेश प्रधान, हराधन चौधरी, सीएस विशाल एनएसएस के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी टेकलाल पटेल एवं आभार व्यक्त एनएसएस प्रभारी कृष्ण कुमार नायक ने किया। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कुष्ठ रोग, लकवा, सिकल सेल तथा आयुष्मान कार्ड के लिए घर-घर सर्वे

**सरायपाली।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली ओंकारेश्वर सिंह की निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त मार्गदर्शन में विकासखंड सरायपाली के ग्राम बैदपाली में जिसकी आबादी 1201 है में कुष्ठ रोग, लकवा मरीज का सर्वे, सिकल सेल जांच तथा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए घर-घर विजिट का कार्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया गया। इस सर्वे में 943 व्यक्तियों से संपर्क किया गया। जिसमें से कुष्ठ रोग के 4 शंकास्पद मरीज, लकवा के 5 मरीज मिले तथा 15 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही 121 लोगों का सिकल सेल जांच की गई। जिसमें 10 केस पॉजिटिव मिले। इस टीम में डॉ वर्षा सतपथी, महेश कुमार श्रीवास, कादिर मोहम्मद, डोलचंद पटेल, योगेश प्रजापति, जगन्नाथ बारीक व बालसी सेक्टर के समस्त आरएचओ ने सर्वे कार्य में सहयोग किया।

# छोटेटेमरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**बसना।** बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में शाला प्रवेश उत्सव 2024 बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बड़ेटेमरी के सरपंच मनबोध चौहान, विशिष्ट अतिथि शिवकिशोर प्रधान, क्षमानंद यादव, बृंदा चौहान थे। अध्यक्षता बिरेंद्र साव शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने की। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

तत्पश्चात प्रवेश उत्सव गीत ददा स्कूल जाबो गा का वीडियो दिखाया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि सरपंच मनबोध चौहान द्वारा कराया गया।

प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा शिक्षा के महत्त्व के बारे में बताया गया। तत्पश्चात बच्चों को निःशुल्क किताब और गणवेश वितरित की गई। मुख्य अतिथि सरपंच मनबोध चौहान ने अपने उद्बोधन में शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास के बारे में बताते हुए सभी पालकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेंजे। इसके बाद नेवता भोज में बिरेंद्र साव, गोकुल जगत, रज्जाक खान द्वारा केला, मिक्सचर, बिस्किट, मिठाई वितरित की गई। सभी ने नेवता भोज का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में सुनीता साहू, संतोषिनी साव, राधिका भोई, खेलकुवर साव, बनीता प्रधान, प्रभा बाई, हसीना बेगम, फरीदा बानो, निलांद्री प्रधान, जयंती प्रधान, पूर्णिमा साव, कामिनी प्रधान, विमला जगत, खैरुन हुसैन, मिनीलाल जगत, पूर्णचंद भोई, राकेश साव, योगेश साहू, सरवर हुसैन उपस्थित रहे। अंत में गफ्फार खान प्रधान पाठक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# मीसाबंदी रहे जगदीश लाल को मुख्यमंत्री ने शाल भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली



छत्तीसगढ़ में फिर भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस कार्यकाल में उपेक्षित जीवन यापन कर रहे आपातकाल से सर्वाधिक प्रभावित मीसाबंदियों को पुनः सम्मान व जीवन यापन के लिए मासिक राशि मिलना प्रारंभ हो गया है। राज्य में भाजपा की सरकार बनने व सरकार द्वारा पुनः मीसाबंदियों को आर्थिक सहायता के रूप में मासिक राशि दिए जाने की घोषणा के बाद मीसाबंदियों में उत्साह का संचार हुआ है। भाजपा के प्रथम कार्यकालों में इन मीसाबंदियों को आर्थिक सहायता दी जाती थी किंतु, कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा यह योजना बंद कर दी गई थी।

राज्य में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा सरकार बनाए जाने के बाद मीसाबंदियों को पुनः याद करते हुए उन सभी मीसाबंदियों को रायपुर में अपने निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। भाजपा इन मीसाबंदियों को भारतीय लोकतंत्र सेनानी के रूप में याद करती है। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए सरायपाली के जनसंघ पार्टी के वरिष्ठ जगदीश लाल उबोवेजा को भी सपरिवार आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। लगभग 90 वर्षीय जगदीश लाल उबोवेजा जनसंघ के सबसे पुराने सदस्य रहे हैं। इनके तीनों पुत्र क्रमशः कमलजीत उर्फ पप्पू भाजपा से जुड़े हैं तो वही शम्मी उबोवेजा आरएसएस के वर्तमान में पदधिकारी हैं तथा विपिन उबोवेजा भाजपा के सक्रिय पदाधिकारी है। अनेक जिला व प्रदेश स्तर के पद पर हैं। इस सम्मान समारोह के दौरान पुत्र विपिन उबोवेजा भी साथ थे।

हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए सम्मानप्राप्त जगदीश लाल उबोवेजा ने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि भाजपा सरकार द्वारा आपातकाल के दौरान मीसाबंदियों को पुनः याद किया गया। रायपुर सेंट्रल जेल में 18 माह के कष्ट व यातनादायक समय को याद करते हुए उन्होंने बताया कि वे पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा जबरन थोपे गए आपातकाल के खिलाफ स्थानीय स्तर पर अपनी पत्नी, बच्चों एवं व्यापार की परवाह किए बगैर जबरदस्त विरोध किया था। जिसके परिणामस्वरूप उन्हें व अन्य विरोधियों को केंद्र की कांग्रेस सरकार द्वारा रायपुर सेंट्रल जेल में ठूंस दिया गया था। जेल में सभी मीसाबंदियों को भारी यातनाएं व सजाएं दी गई। इन यातनाओं व सजा से उस वक्त उनके नजदीकी रिश्तेदार इतने डरे व सहमे रहते थे कि परिजनों से मिलना तो दूर की बात, बात करने से भी वे लोग कतराते थे। उस वक्त सरकारी तंत्र इतना अधिक हावी था कि नेताओं को कभी भी किसी वक्त बिना कुछ कहे बिना वारंट के सीधे जेल में कर बंद कर दिया जाता था। परिजन रोते बिलखते रहते थे। विभिन्न जेलों में बंद नेताओं से उनके परिजन आसानी से मिल नहीं पाते थे, इसलिए आज भी मीसा के तहत बंद मीसाबंदियों व उनके परिजनों द्वारा 18 से 20 जून को काला दिवस के रूप में मनाते आए हैं। उबोवेजा ने कहा कि सरकार बदलते ही उन सभी मीसाबंदियों को भारतीय लोकतंत्र सेनानी के नाम से नवाजा गया एवं उनके सम्मान के लिए पूर्व राज्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने के अथक प्रयास से भाजपा सरकार जिसके मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह थे के द्वारा सम्मानित किया गया था।

# बरोंडाबाजार प्राथमिक स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला बरोंडाबाजार में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि मोहन साहू ग्राम के सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ नागरिक तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धरम साहू की अध्यक्षता एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व पालक सदस्यों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल के पहले दिन से ही नियमित स्कूल आकर शिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर प्रयास करेंगे तो आप अच्छे नागरिक के साथ-साथ अच्छे पदों पर आसीन हो सकते हैं। उन्होंने अपने लंबे शिक्षकीय अनुभव बांटते हुए कहा कि गुरु के द्वारा दी गई शिक्षा आपके भविष्य को उज्जवल बनाएगा, इसलिए गुरु की महत्ता को समझे, जाने और उन पर विश्वास कर उनकी बातों को गठरी बांध लें। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे शाला विकास समिति के अध्यक्ष धरम साहू ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है, इस पवित्र मंदिर में बच्चों को संस्कार देना व उन्हें परिष्कृत करना शिक्षकों का महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसे वे बखूबी निभा रहे हैं तथा भविष्य में भी निभाना होगा। कक्षा पहली के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन व मिष्ठान खिलाकर पुस्तक और यूनिफॉर्म वितरित कर विधिवत शाला प्रवेश कराया गया। विद्यालय के शेष बच्चों को भी पाठ्य पुस्तक एवं यूनिफॉर्म वितरित कर नेवता भोजन कराया गया। जिससे बच्चों का चेहरा खिल उठे। नए शिक्षा सत्र के पहला दिन बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में शाला परिवार से केशरी चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, उमेश्वरी चंद्रवंशी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणु निराला, अन्नपूर्णा मानिकपुरी, पालक सदस्यों में मोहिनी ध्रुव, नमिता राजपूत, जयश्री राजपूत व नेमिन साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निर्मला पटेल प्रधान पाठक ने किया।

# शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकताः योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श विद्यालय में गुरुवार को शाला प्रवेशोत्सव आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तक प्रदान कर, तिलक लगाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान स्थापित करें। देश के भविष्य के लिए यह जरूरी है कि युवाओं में शिक्षा का प्रसार हो। इसके लिए उनकी शिक्षा की नीव मजबूत होनी जरूरी है। इससे हमारे देश का भविष्य मजबूत होगा। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए शेड निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों अनिता रावटे, रमेश साहू, माधवराव टांकसाले, महेंद्र जैन, पवन पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य, स्कूल स्टाफ व पालकगण उपस्थित रहें।

# बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन



**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान बिजली की समस्या को लेकर जनता कभी सड़कों पर उतरी नहीं थी, गर्मी के दिनों में मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति की जाती थी। कांग्रेस बिजली कटौती को लेकर जिले में जल्द ही जन आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो। रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रही और न ही व्यवस्थाएं। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत ना हो, इसलिए पीएचई विभाग द्वारा पहले से व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाती है। नल, सोलर पैनल इत्यादि संसाधनों की मरम्मत कर ली जाती है। ताकि, गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या ना हो। ऐसा ही कुछ बिजली विभाग करता है। बारिश के मौसम में अक्सर विद्युत खंभों पर पेड़ गिर जाते हैं, इसकी वजह से फॉल्ट होता है और विभाग के कर्मचारियों को फॉल्ट खोजने में ही कई दिन लग जाते है, ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए बिजली विभाग द्वारा भी बरसात से पूर्व व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद महासमुंद जिले में विद्युत विभाग की मनमानी सर चढ़कर बोल रही है। भाजपा की सरकार बनने का नतीजा यह है कि जिले के किसान जो रबी फसल लगाए थे उन किसानों को बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण किसानों के पंप नहीं चल पाए जिससे किसानों का फसल पैदावार अच्छे से नहीं हो पाया। किसानों को भारी नुकसान का सामना भी करना पड़ा। यह समस्या जिले में लगातार बढ़ती चली जा रही है। विद्युत उपभोक्ता भारी भरकम बिल से परेशान है। लोग घर में लो-वोल्टेज के कारण कोई विद्युत से चलने वाले उपकरण नहीं चला पा रहे है। महासमुंद जिले में भाजपा सरकार बनने के बाद से लोग बिजली की आंख-मिचौली से परेशान है। बिजली की अघोषित कटौती से लोगों में आक्रोश है। सरकारी कामों के साथ निजी व व्यावसायिक कार्य भी प्रभावित हो रहे है।

# खम्हारमुड़ा में पहुंच मार्ग नहीं, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



ग्राम पंचायत सिंघनपुर के आश्रित ग्राम खम्हारमुड़ा के नागरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां की जनसंख्या लगभग 500 है। यहां की समस्याओं से शासन प्रशासन को कोई सरोकार नहीं है। खम्हारमुड़ा में गत कई वर्षों से सड़कविहीन है। गांव में कम से कम दो बार सामाजिक संस्थाओं के लोग आते हैं और गरीबों को मिठाई वितरण की औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं।

जनप्रतिनिधियों पर भी ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत, जनपद, जिला पंचायत, विधानसभा और लोकसभा में चुनाव के समय नेता व उनके कार्यकर्ता आते है और केवल आश्वासन देकर चले जाते है। गुरुवार को यहां आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर आफिस पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महिलाओं में सबसे ज्यादा आक्रोश सड़क नहीं होने को लेकर है। उनका कहना है कि उनकी बातें सुनने वाला कोई नहीं है। उनके गांव के लोगों को महज वोटर समझा जाता है। गांव के अंदर तो सीसी रोड बना दिया गया है, लेकिन गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है। बरसात में गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंचती है। साथ ही गर्भवती महिलाओं को भी इससे जूझना पड़ता है।

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि खम्हारमुड़ा में ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत पहुंच मार्ग निर्माण गुहार लगाई है।

5 वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ शासन से सिंघनपुर से खम्हारमुड़ा तक पहुँच मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति मिली गई है, जो मुआवजा प्रकरण के कारण कार्य निरस्त हो गया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते जल्द ही समस्या का निराकरण करने की मांग की है। इस दौरन जनपद पंचायत सभापति रामेश्वर गब्बर साहू, सरपंच प्रतिनिधि मंजीत भास्कर, रूपेश भास्कर, जसवंत जांगड़े, मनोज लहरिया, गनेन जांगड़े, आनंद राम जांगड़े, सुनील जांगड़े, उत्तम कुमार जांगड़े, रिंकू जांगड़े सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### नए सत्र की शुरुआत न्योता भोज के साथ

**बसना।** स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ला गढ़े बर के उद्घोष के साथ प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय धनापाली में शाला प्रवेशोत्सव प्रांरभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनापाली के सरपंच शकुंतला भुनेश्वर पटेल, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच भूमिका राणा, पूर्व जनपद सदस्य राजकुमारी चौहान एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पालक उपस्थित थे। सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर पटेल ने अपने उदबोधन में बच्चों को कहा कि शिक्षक बच्चों को गढ़कर सुरक्षित भविष्य की नींव तैयार करता है। बच्चे ही राष्ट्र के भावी कर्णधार है। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर प्रवेश दिया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक गणवेश का वितरण किया गया। सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला आने को कहा गया। कार्यक्रम को समन्वयक अनिल साव, प्रधान पाठक राजेन्द्र साहू एवं कृष्ण कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शिक्षक राजेश साहू, दिनेश बहादुर पेटल, नवल किशोर पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संचालन समन्वयक अनिल साव ने किया। अंत में सरपंच द्वारा समस्त अतिथियों पालकों एवं समस्त छात्रों को नेवता भोज देकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### करंट लगने से बालिका की मौत

**महासमुंद।** बिजली करंट लगने से कोमाखान में एक 10 साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कोमाखान की पायल निर्मलकर पिता अनिल निर्मलकर (10 साल) को करंट लगने के बाद शासकीय अस्पताल बागबाहरा में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### गंदगी फैलाने के मामले में 24 दुकानदारों पर कार्रवाई, वसूला जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को रेलवे स्टेशन चौक से लेकर फाफाडीह चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकानों के सामने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 दुकानों के सामने गंदगी फैली मिली। टीम ने सभी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

## क्षेत्र में रोपाई कार्य शुरू ...



**नर्रा।** क्षेत्र में साधन संपन्न किसान खरीफ फसल के लिए रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। झलमला के किसान बालमुकुंद निषाद ने बताया कि भीम एकादशी के पूर्व रोपाई के लिए धान बीज डाले गए है। अंकुरित होने के बाद दो सप्ताह में पौधा निकल आएगा। बोरवेल से खेतों में पानी छोड़ा जा रहा है। ट्रैक्टर, कैजव्हील, रोटोवेटर से मताई कर क्यारी तैयार किया जा रहा है।

# महतारी वंदन योजना से ममता को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जहां आमतौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से परिवार के पुरूषों पर निर्भर रहना पड़ता है। वही छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं को अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। इसकी एक मिशाल जिला मुख्यालय महासमुंद के दलदली रोड वार्ड क्रमांक 11 की निवासी ममता देवार की जिंदगी में आए बदलाव को देखने से मिलती है। ममता एक अंत्योदय परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जो शहरों में प्लास्टिक कचरे इकट्ठा कर कबाड़ी का व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है।

ममता बताती है कि रोजी रोटी के लिए उन्हें प्रतिदिन चाहे कड़ी धूप हो या बरसात के बेरंग मौसम किसी भी विषम परिस्थितियों में उन्हें काम के लिए बाहर निकलना ही पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस समय परिवार के लिए एक वक्त की रोटी, घर के चूल्हे का जलना कठिन हो गया है।



परिवार के भरण पोषण के लिए उन्हें प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मेहनत करना पड़ता है। वे अपने बीते विषम परिस्थितियों के बारे में भावुक होकर बताया कि कचरा उठाते समय सड़क पर ट्रक से भिंड़त होने पर उनके दोनों पैर टूटने के बाद पैरो में रॉड लगे हुए है, जिसका ईलाज आज भी चल रहा है। ऐसे में अपने घर चलाने एवं स्वयं के स्वास्थ्य की चिंता लगी रहती थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के लोक कल्याणकारी एवं महिला सशक्तिकरण को उत्प्रेरित करने वाली महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए की राशि उनके खाते में पहुंच रही है। ममता देवार ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी की भी गारंटी है। आज मेरे बैंक खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपए मिल रही है। अब तक चार माह की राशि मेरे खाते में पहुंच चुकी है। जो विषम परिस्थिति में मेरे लिए वरदान है। जिसके लिए उन्होंने राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सुनवाई: जनदर्शन में आमजन की समस्याओं का हो रहा निवारण, रोजाना रूबरू हो रहे विधायक

# अवैध कारोबार करने वालों को कोई संरक्षण नहीं: योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेत, शराब का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने की बात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कही है। दरअसल, विधायक कार्यालय में जनदर्शन में कुछ हाइवा वाहन मालिक फरियाद लेकर पहुंचे। वाहन चालक और मालिकों ने विधायक सिन्हा से फरियाद लगाई कि जिला प्रशासन की टीम द्वारा उनके वाहनों को रेत का परिवहन करते पकड़ा है। यदि विधायक संबंधित अधिकारियों को फोन कर दें, तो उनकी गाड़ी को फाइन करके छोड़ दिया जाएगा। इतना सुनते ही विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसी भी रेत माफिया, शराब माफिया को संरक्षण नहीं देते हैं और न ही कभी देंगे। विधायक का नाम लेकर कोई अधिकारियों पर दबाव बनाए तो इसकी सूचना अफसरों को उन्हें (विधायक को) तत्काल देना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी भी अवैध कारोबार को उनका कभी संरक्षण नहीं मिलेगा। क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें विधायक चुना है, उस पर वे खरा उतरेंगे। उन्होंने रेत परिवहन में लगे



वाहन मालिकों से कहा कि जो भी रेत उत्खनन करा रहे हैं, उनके खिलाफ थाने में आपराधिक मामला दर्ज कराएं। गलत कार्यों को किसी भी स्तर पर अधिकारियों को संरक्षण नहीं देना है। ऐसा करने वाले अफसरों के खिलाफ भी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा निर्देश के विपरीत नदी, नालों से रेत का अवैध उत्खनन बड़े पैमाने पर किए जाने की शिकायत मिल रही है। इसे सख्ती के साथ रोकने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि विधायक सिन्हा अपने कार्यालय में प्रतिदिन 2-3 घंटे जनदर्शन में जन समस्याएं सुन रहे हैं। साथ ही त्वरित निवारण के लिए संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं।

### तेंदूवाही को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

बुधवार को विधायक कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में ग्राम पंचायत कुकराडीह के आश्रित ग्राम तेंदूवाही को अलग से ग्राम पंचायत बनाने की मांग लेकर ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुकराडीह की जनसंख्या करीब 1200 और तेंदूवाही की जनसंख्या 1100 है। दोनों ही ग्राम बड़े हैं, जिससे पंचायत के कार्य व अन्य शासकीय कार्य में परेशानी होती है। तेंदूवाही गांव का समन्वित विकास नहीं हो पा रहा है,इसलिए उनकी मांग है कि ग्राम तेंदूवाही को अलग से ग्राम पंचायत बनाया जाए।

### हायर सेकंडरी स्कूल की मांग

ग्राम भलेसर सरपंच ने गांव में 9वीं से 12वीं तक स्कूल खोलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 8वीं के बाद विद्यार्थियों को दूर जाकर आगे की पढ़ाई करनी पड़ रही है। गांव में स्कूल खुल जाने से विद्यार्थियों को राहत होगी। साथ ही गांव में सीसी रोड निर्माण, मुक्तिधाम में शेड, बोर आदि की मांग भी की गई है।

### कुम्हारापारा स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव



**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को तिलक लगाकर गणवेश एवम पाठ्य पुस्तक दिया गया। साथ ही चॉकलेट से मुंह मीठा कराया गया। वहीं न्योतभोज में बड़ा, पूड़ी, खीर, दाल चावल, आलू चना सब्जी परोसा गया। कार्यक्रम में पवन पटेल पार्षद, भोलानाथ तांडी शाला समिति अध्यक्ष, शिवकुमारी जायसवाल प्रधान पाठक, निर्मला चंद्राकर महिला समूह अध्यक्ष एवम समस्त स्टाफ रसोइया सहित उपस्थित रहे।

# बागबाहरा एसडीएम ने किया कोमाखान थाना आश्रम और छात्रावास का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुधवार को तहसीलदार कोमाखान के संयुक्त दल के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा सृष्टि चंद्राकर ने थाना कोमाखान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना का रोजनामचा नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। थाने के एमएलसी पंजी संधारित पाए गए। मालखाना, बंदी कक्ष एवं अभिलेख कक्ष में बिजली व्यवस्था नहीं होने पर तत्काल बिजली व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। थाने में लगे सभी तख्तियों को विवेचक कक्ष से बाहर



लगाने कहा ताकि आम जन तख्तियों का अवलोकन सुगमता से कर सके। आमजन जो रिपोर्ट लिखवाने आते हैं उनके सद्व्यवहार करने तथा उनकी सेवा के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने आज खल्लारी और बीकेबाहरा में आश्रम, छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आश्रम अधीक्षिका को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जनपद सीईओ फकीरचंद पटेल भी साथ रहे। साथ ही ग्राम पंचायत बिहाझर से विशेष शिविर का शुरूआत किया गया जिसमें घर-घर भ्रमण कर कुष्ठ, लकवा और सिकल सेल के मरीजों की पहचान कर जांच की गई। अनुविभागीय अधिकारी चंद्राकर ने नवीन न्याय संहिता कार्यशाला में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

## शहर भ्रमण में निकली नपाध्यक्ष को नशा करते मिले युवा, दी समझाइश



**महासमुंद।** शहर भ्रमण के दौरान नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग को टाउन हॉल के समीप कुछ युवा नशापान करते मिले। युवाओं को नशा करते देख नपाध्यक्ष महिलांग भड़क उठी और युवकों को नशे से दूर रहने समझाईश दी। महिलांग ने कहा आज की युवा पीढ़ी नशे के आदी हो गए। आज के युवा कल के देश का भविष्य हैं जिसे ध्यान में रखते हुए युवाओं को समझाकर सही राह पर लाने की आवश्यकता है।

# सजे धजे स्कूल में पहले दिन पहुंचे बच्चों का स्वागत, तिलक लगाकर की गई आरती

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर एवं प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रथम दिवस में उपस्थित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, आरती कर एवं मुंह मीठा करा कर विद्यालय में स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूरे परिसर में साफ-सफाई एवं विद्यालय प्रवेश द्वार पर गुब्बारे से सजाया गया। बच्चों को आनंददायी वातावरण में सत्र के प्रथम दिवस पर प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा गीत, भजन एवं प्राचार्य राजश्री ठाकुर द्वारा सभी भैया बहनों को विद्यालय गणवेश, अनुशासन, संस्कार की जानकारी दी गई। साथ



एवं स्वच्छ हरा भरा वातावरण के लिए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू, दुर्गेशनंदनी चंद्राकर, सरोजिनी साव, अनुराधा चंद्राकर, किरण सोनी, गुरवारी सोनी, तारिणी गोस्वामी, तनुजा साहू निशा गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, तनुजा साहू, वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन, शिव कुमार कनौजे, किरण साहू, अश्वनी साहू, कुंजलाल पटेल आदि मौजूद रहे। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित सिन्हा ने दी है।

# मध्यप्रदेश की तरह प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारण की मांग

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुकेश बंसल सचिव वित्त विभाग व सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंप कर मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी स्थानीय निकाय की सेवा को शासकीय सेवा के समतुल्य पेंशन योग्य सेवा मान्य किए जाने का पक्ष रखा। प्रथम नियुक्ति तिथि से अर्हकारी सेवा मानते हुए पुरानी पेंशन की गणना करने तथ्यात्मक दस्तावेजों के साथ ज्ञापन सौंपकर पक्ष रखा है, जिसमें मध्यप्रदेश शासन के आदेश के तहत राज्य शासन ने आदेश दिए हैं कि मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण पाठशाला अध्यापक (शासकीय सेवा में संविलियन) अधिनियम, 1963 तथा उसके अंतर्गत बने मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण पाठशाला अध्यापक (शासकीय सेवा में संविलियन) नियम 1964 के अधीन 1 अक्टूबर 63 या उसके पश्चात शासन सेवा में संविलीन महाकौशल क्षेत्र के जनपद सभा स्थानीय निकाय के भूतपूर्व शिक्षकों की जनपद सभा/ स्थानीय निकाय के अंतर्गत की गई सेवा को शासकीय सेवा के समतुल्य पेंशन योग्य मान्य किया गया है। छत्तीसगढ़ राजपत्र 11 मई 2022 को प्रकाशित किया गया है, जिसमें एनपीएस योजना के स्थान पर 1 नवंबर 2004 से भूतलक्षी प्रभाव से पुरानी पेंशन योजना लागू करने प्रावधान किया गया है। छग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश के तहत 01 अप्रैल 2012 से पंचायत संवर्ग के शिक्षकों (शिक्षा कर्मियों) के लिए



अंशदायी पेंशन योजना लागू कर कटौती प्रारंभ किया गया है। वित्त एवं योजना विभाग मंत्रालय रायपुर के अधिसूचना 27 अक्टूबर 2004 द्वारा 1 नवंबर 2004 अथवा इसके पश्चात नियुक्त कर्मचारियों के लिए एक नई परिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू किया गया है। अतः 1 नवंबर 2004 के पूर्व नियुक्त (जिस समय 1976 का पेंशन नियम प्रचलित था) शिक्षाकर्मियों (वर्तमान पद एलबी शिक्षक संवर्ग ) को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से अर्हकारी (अर्हतादायी) सेवा की गणना पेंशन के लिए किया जाए, ताकि उनका भी सेवानिवृत्ति पर 50 प्रतिशत पेंशन (पूर्ण पेंशन) निर्धारण हो सके। 1 नवंबर 2004 से 31 मार्च 2012 तक नियुक्त पंचायत संवर्ग के शिक्षकों की एन पी एस कटौती का प्रावधान नही किए जाने के कारण उपरोक्त अवधि में नियुक्त शिक्षक संवर्ग (शिक्षा कर्मी / पंचायत संवर्ग के शिक्षक) को भी प्रथम नियुक्ति तिथि से अर्हकारी (अर्हतादायी) सेवा की गणना पुरानी पेंशन के लिए मान्य किया जाए, ताकि उनका भी सेवानिवृत्ति पर 50 % पेंशन (पूर्ण पेंशन) निर्धारण हो सके। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण पाठशाला अध्यापक (शासकीय सेवा में संविलियन) नियम 1963 व 1964 के अधीन 1 अक्टूबर 63 या उसके पश्चात शासन सेवा में संविलीन स्थानीय निकाय के शिक्षकों की जनपद सभा/स्थानीय निकाय के अंतर्गत की गई सेवा को शासकीय सेवा के समतुल्य पेंशन योग्य मान्य किया गया है उसी तरह मध्यप्रदेश शासन से पंचायत विभाग द्वारा स्थानीय निकाय में नियुक्त शिक्षा कर्मियों को तथा छत्तीसगढ़ शासन पंचायत विभाग द्वारा स्थानीय निकाय में नियुक्त शिक्षा कर्मियों के स्थानीय निकाय के अंतर्गत की गई सेवा को शासकीय सेवा के समतुल्य पेंशन योग्य मान्य करने का आदेश जारी करने का मांग किया है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश पदाधिकारी सुखनंदन साहू, महासमुंद जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला सचिव नंद कुमार साहू, रायपुर जिला पदाधिकारी डॉ सीएल साहू, अतुल शर्मा शामिल थे। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# बच्चे देश का भविष्य हैं, लक्ष्य के लिए जुट जाएं: राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग शहर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मिडिल स्कूल, प्रधानमंत्री प्राइमरी स्कूल स्टेशन पारा स्कूल, आशी बाई गोलछा प्राइमरी व मिडिल स्कूल तथा कुम्हारपारा प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित था। नपाध्यक्ष राशि महिलांग के साथ वार्ड पार्षदगण महेंद्र जैन, पवन पटेल और ब्लाक शिक्षा विभाग के अधिकारी व शालेय समिति के मनोनीत सदस्य गण व शालेय परिवार के शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे। श्रीमती महिलांग व अन्य अतिथिगणों ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया।

मुख्य अतिथि के आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि आप सभी कल देश के सुनहरे भविष्य है किसी में वैज्ञानिक तो किसी में कुशल प्रशासनिक अधिकारी व एक



लोकप्रिय राजनेता बनने की प्रतिभा छिपी है। हमें उनको निखारने की जरूरत है, इस विद्या के मंदिर में आपको पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन व गुरुजनों के मार्गदर्शन से आपको अपने लक्ष्य की प्राप्ति होगी। इन्ही आशाओं व विश्वास के साथ आप आज से अपने लक्ष्य की प्राप्ति के अभियान में जुटने की अपील की। शिक्षा के साथ नपाध्यक्ष ने स्वछता योग व श्रम करने की सलाह भी बच्चों को दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें पार्षद महेंद्र जैन और पवन पटेल ने स्कूल के बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की व शाला विकास में यथा संभव मदद का आश्वासन दिया। स्कूली बच्चों को नपाध्यक्ष व अतिथियों ने स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तकों व गणवेश व मिष्ठान वितरण किया।

महिलांग के साथ युवा नेता आरिश अनवर व अध्यक्ष सहयोगी के रूप में नीरज परोहा, ब्लाक शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उषा शर्मा, शिक्षा विभाग समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, प्रधान पाठक चंचला गुप्ता, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, सुशील शर्मा, प्रणीत शर्मा शिक्षक भारती सोनी देवेंद्र ठाकुर, खुशबू गजेंद्र, खगेंद्र तारक समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।

## स्वामी आत्मानंद तुमगांव में हुआ शाला प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को किताबें एवं मिठाई बांटी गई। जिससे विद्यार्थी नवीन ऊर्जा के साथ पढ़ाई की शुरुआत कर सके। प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए दिशानिर्देश दिए। साथ ही अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। कक्षा दसवीं की छात्रा भूमि साहू को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किए। संस्था के प्रमुख एल कुरील द्वारा विद्यार्थियों को नए सत्र की बधाई देते हुए भविष्य में अपने विद्यालय का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी माध्यम के प्रभारी सिद्धांत गायगौरे ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ विद्यालय के नियमों को पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, सस्था प्रमुख एल कुरिल, आईएल साहू, केआर साहू, शिक्षक तारक, धीवर, कामता, तिलक शर्मा, डडसेना, गेंद्रे, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरूण सिन्हा, एलएन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकड़ा, सोनाली साहू, मोनिका यादव, प्रगति साहू, लिली मजखंड, नलिनी, चेतना, रूपाली गुप्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### उमरदा स्कूल में छात्रों को बांटे गणवेश व पुस्तक

**महासमुंद**। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला उमरदा में नए सत्र के शुभारंभ दिवस पर प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जयसुधा हेमंत चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत उमरदा द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर बच्चों को शाला में प्रवेश कराया गया। शाला में अध्ययन समस्त बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं निःशुल्क गणेश का वितरण किया गया। इस मौके पर नेवता भोज का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच जयसुधा चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चंद्राकर, राम ध्रुव, प्रधान पाठक यादराम साहू, संकुल समन्वयक अनिल ढ़ीढी, शिक्षक भुनेश्वर साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक साक्षी साहू, पुरुषोत्तम ध्रुव एवं एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे।

### निःशुल्क हृदय रोग कल

**महासमुंद**। स्थानीय बागबाहरा रोड सोहम हॉस्पिटल में 28 जून शुक्रवार को हृदय सम्बंधित जांच का आयोजन सुबह 11 से 1 बजे तक किया गया है। जिसमें ईसीएचओ एंड ईसीजी जांच निःशुल्क की जाएगी।

### ब्राम्हण समाज की वार्षिक आम सभा कल

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज की वार्षिक आम सभा 29 जून शनिवार को शाम 3 बजे ब्रम्ह निवास विप्र भवन भगवान परशुराम मार्ग में आहूत की गई है। समाज के अध्यक्ष होरीलाल पांडेय ने समाज के सभी सदस्यों एवं विप्र बंधुओं को आमंत्रित करते हुए कहा है कि आम सभा में समाज के पदाधिकारियों/कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा।

### खिलाड़ियों के पंजीयन के लिए तिथि निर्धारित

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशनुसार जिला क्रिकेट संघ द्वारा सभी वर्गों की पंजीयन की तिथि 25 जून से 5 जुलाई के बीच निर्धारित किया गया है, जिसमें नए पंजीयन के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, राज्य में जन्मे खिलाड़ियों के लिए पिछले 5 वर्ष की मार्कशीट अन्यथा पिछले 10 वर्ष की मार्कशीट की फोटोकॉपी ,दो पासपोर्ट साइज फोटो निर्धारित की गई है। जिसमें खिलाड़ियों का कट ऑफ डेट अंडर 14 के लिए कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2010, अंडर 16 का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2009 ,अंडर-19 का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2006 ,अंडर 23 का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2002 निर्धारित किया गया है, जो खिड़की अपना पंजीयन करना चाहते हैं कॉलेज रोड स्थित संघ के ऑफिस में आकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।



**आयोजन:** भोपाल की नवलय संस्था द्वारा हुआ शालिगराम तोमर स्मृति समारोह

# शालिगराम ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक छात्र को गढ़ने का कार्य किया : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कुशल संगठक शालिगराम तोमर ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक कार्यकर्ता को गढ़ने का कार्य किया।

**नवलय संस्था द्वारा शालिगराम तोमर स्मृति समारोह आयोजित सूर्यकांत केलकर शालिगराम तोमर स्मृति राष्ट्र सेवी सम्मान से सम्मानित**

उन्होंने कार्यकर्ता की गलतियों को क्षमा कर उनके अंदर छुपी अच्छाइयों को निखारने का कार्य किया। शालिगराम ने अपने कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व के निर्माण के लिए उनके गुण- अवगुणों का बारीकी से अध्ययन कर उनकी प्रतिभा को उभारने में योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गत दिवस मानस भवन में भोपाल की नवलय संस्था द्वारा आयोजित शालिगराम तोमर स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता सूर्यकांत केलकर को शाल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट कर शालिगराम तोमर स्मृति राष्ट्र सेवी सम्मान से सम्मानित किया।



#### शालिगराम ने छात्रों के हित में असाधारण कार्य किया: साव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शालिगराम ने आपातकाल में जो कार्यकर्ता जेल में थे, उनके परिवारों से जीवंत सम्पर्क कर उनका उत्साह बनाये रखने में प्रमुख भूमिका निभाई। शालिगराम को 1978 में 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने महाकौशल, मध्यप्रदेश, ओडिशा तथा उत्तर प्रदेश में विद्यार्थी परिषद के कार्य को मजबूत किया। इस दौरान बने कई कार्यकर्ताओं ने भविष्य में राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा प्राप्त की। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि शालिगराम तोमर ने विद्यार्थियों के हित में असाधारण कार्य किया। उनका जीवन कठिन परिस्थितियों से भरा हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में पौधारोपण कर प्रकृति संवर्धन और संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शालिगराम की धर्मपत्नी शांता तोमर का शाल, स्मृति चिन्ह और फल भेंट कर सम्मान किया।

समारोह में शालिगराम तोमर की धर्मपत्नी शांता तोमर तथा परिजन, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, दिल्ली से डॉ मल्लिका नड्डा, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन मंत्री अभय महाजन सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। नवलय के अध्यक्ष राकेश कुमार जैन ने कार्यक्रम की संकल्पना बताते हुए कहा कि इस समागम में स्व. शालिगराम तोमर के सान्निध्य और मार्गदर्शन में काम कर चुके मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता बुलाए गए हैं। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री डॉ. विमल चोपड़ा ने किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवलय अनुबोध पत्रिका के 194वें अंक जून 24 का विमोचन भी किया। समारोह में अभय महाजन तथा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से पधारे बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कायकर्ताओं ने अपने स्मरण सुनाए। समारोह में उद्योगपति दिलीप सूर्यवंशी, सीमा मोहन यादव, पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर, विधायक इंदौर मालिनी गौड़, पूर्व मंत्री कमल पटेल, उज्जैन के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी सहित छत्तीसगढ़ से डॉ. विमल चोपड़ा, हरीश लूनिया, विवेक सक्सेना, नारायण चंदेल, विष्णु साव, देवजी भाई पटेल, चंद्रहास चंद्राकर, अनुराग पांडे (कलेक्टर बीजापुर), प्रदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों के अंगूठे के निशान से ड्राइंग शीट में बनाई गई आकर्षक आकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में प्रवेशोत्सव का यादगार बनाने अनूठा आयोजन

प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस मौके पर नवप्रवेशी बच्चों को पुष्पहार और तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। कक्षा 1 में भर्ती होने वाले बच्चों के प्रवेश को यादगार बनाने व इसे स्मृति में संजोकर रखने के लिए बच्चों के अंगूठे के निशान से ड्राइंग शीट में आकर्षक आकृति बनाया गया, जिसे शाला के दीवार में लगाया गया। नए भर्ती होने वाले बच्चों ने माइक में बोलकर अपना परिचय भी दिए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने पालकों से बात करते हुए कहा कि घर में भी सीखने के अवसर देने के लिए सीखने-पढ़ने का कोना उपलब्ध कराते हुए कहानी, गीत आदि के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर शिक्षक रामेश्वर ढीढी और पुष्पलता पटेल ने अपनी बात रखते हुए पालकों से खेल-खेल में सीखने के लिए बेहतर माहौल बनाने में सहयोग की अपील की। न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। उपस्थित पालकों ने भी बच्चों से बात करते हुए अच्छा व्यवहार सीखने पर बल दिया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष पिरीतराम साहू, घांसु राम दीवान,



पंचराम ध्रुव, संतुराम ध्रुव, दयालु राम ध्रुव, दुलारू राम यादव, भोजराम साहू, सुरेन्द्र सिन्हा, कृपाराम दीवान, गायत्री दीवान, हीराबाई साहू, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, हितेश दीवान, रामू ध्रुव, हेतराम ध्रुव, खिलेंद्र साहू, सुकदेव दीवान, नंदकुमार दीवान, गुलाब ध्रुव, इंडिया कलेक्टिव से बलराम जलतारे उपस्थित रहे।

## परीक्षण शिविर में 125 को बांटे निःशुल्क चश्मा, 55 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

स्व. सेठ जेठमल जैन कोमाखान की स्मृति में परिवारजनों की प्रेरणा से महावीर सेवा समिति कोमाखान एवं एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 26 जून को जैन भवन कोमाखान में विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्य नितिन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य आंख के मरीजों को समय से पूर्व उनकी परेशानियों की पहचान कर उन्हें जागरूक कर निश्चित समय से उनका इलाज करवाना था। इस शिविर में 25 से भी अधिक गांव के 325 लोगों ने पंजीयन कराकर भाग लिया, जिसमें 125 लोगों को जांच कर निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। 50 से अधिक मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित कर शिविर पश्चात एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर ले जाया गया। जहां उनका ऑपरेशन करने के पश्चात संस्था के वाहन से उन्हें पुनःशिविर स्थल पर पहुंचाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ तहसीलदार कोमाखान हरीश ध्रुव, थाना प्रभारी कोमाखान शैलेंद्र नाग, जैन समाज के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, सचिव सुरेश जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष भेखलाल चंद्राकर, ज्वाला सेवा समिति के प्रमुख अजय अग्रवाल, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, थियेंद्र प्रताप, अनुभा सिंह, भाजपा नेता नवीन पटेल, कलाराम नायक, गोपाल किशन पटेल, जैन समाज के सदस्य शंकरलाल सकलेचा, संतोष जैन, नरेंद्र जैन, मनीष सुराना,



रवि बरमेचा, कवि राकेश जैन खरियार रोड, चिकित्सक अरुण शुक्ला, चिकित्सक साहू, पं अनिल द्विवेदी, शिवनारायण वैष्णव एवं शिविर के आयोजक परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। महावीर सेवा समिति के सहयोगी नरेंद्र जैन, पंकज जैन, सुशील चंद्राकर, छोटू बरडिया, हिरेंद्र उपाध्याय, भूपेंद्र साहू, गुलशन सुरमनी, सोमनाथ चंद्राकर, केशव पटेल, भुनेश्वर साहू, देवनारायण साहू, कपूर साहू, छगन सेन आदि का शिविर की सफलता में प्रमुख योगदान रहा। एमजीएम हॉस्पिटल संस्था की ओर से डॉ. मारीशा, रमेश कुलदीप, उमाशंकर पटेल एवं पैरामेडिकल टीम के 15 सदस्यों ने इस शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की। नेत्र परीक्षण शिविर में आए मरीज एवं उनके परिजनों ने महावीर सेवा समिति के सेवाभावयुक्त इस आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर खूब सराहना की।

## कलेक्टर ने आशियाना वृद्धाश्रम एवं बहु दिव्यांग विशेष विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय बहु दिव्यांग विशेष विद्यालय महासमुंद एवं विभागीय मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान धमतरी द्वारा संचालित आशियाना वृद्धाश्रम दलदली रोड महासमुंद का 26 जून को कलेक्टर प्रभात मलिक ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आशियाना वृद्धाश्रम में निवासरत 21 वृद्धजनों से मुलाकात कर संस्था द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

साथ ही वृद्धाश्रम भवन को रंग-रोगन कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शासकीय बहु दिव्यांग विशेष विद्यालय महासमुंद का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय में कुल 13 दिव्यांग बच्चे निवासरत थे। कलेक्टर द्वारा दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों के आवासीय व्यवस्था, भोजन-पानी व्यवस्था एवं शिक्षण प्रशिक्षण संबंधित शिक्षकों के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान संगीता सिंह उप संचालक समाज कल्याण महासमुंद, विभागीय एवं संस्था के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों का शिक्षा के मंदिर में किया स्वागत सत्कार

**महासमुंद**। द न्यू होलीफैथ स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन चेयरमैन महेंद्र जैन, अध्यक्षा कविता पींचा एवं प्राचार्या सरवरी पींचा के आतिथ्य में हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के मुख्यद्वार पर ही सम्मानित शिक्षकों द्वारा स्नेहिल भाव से तिलक लगाकर छात्रों का स्वागत सत्कार कर किया गया। बच्चों को सभागार में क्रमबद्ध बिठाए। तत्पश्चात संस्था की प्राचार्या सरवरी पींचा के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम सुनियोजित ढंग से संचालित किए। पहली कड़ी में ज्ञान की देवी माता भारती, सरस्वती की पूजा अर्चना विद्यालय की प्राचार्या सरवरी पींचा के करकमल से हुआ। सरस्वती वंदना वरिष्ठ शिक्षिकाओं ललिता चंद्राकर एवम् रेखा विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किए। पश्चात प्राचार्या ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए कहा कि ज्ञान में ही शक्ति है, ज्ञान से ही सर्वांगीण विकास होता है। ज्ञान अंधकार को दूर करउजियारा प्रकाशित करती है। इसलिए कठिन परिश्रम कर सफलता अर्जित करनी है और सफलता अनुशासन से प्राप्त होती है। चित्त मन को शांत एकाग्र कर अध्यापन करना है। अपने भविष्य को उज्जवल करना है। नवप्रवेशी छात्र-छात्रों के प्रथम दिवस आगमन को शिक्षकों भावेंद्र पांडे, सविता चंद्राकर, लेखा चंद्राकर, रुचि साहू, लवीना चंद्राकर, पूजा कामदार एवं आरती झा द्वारा मनोरंजक पूर्ण बना दिए। छात्रों पाठ्य पुस्तक वितरण कर चॉकलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका आकांक्षा मिश्रा, आभार व्यक्त ह्रतिक साहू ने किया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में गरिमा पटेल, दीपिका साहू समीक्षा, नौरिन, प्रियंका षड़ंगी, प्रज्ञा चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## बागबाहरा एसडीएम ने कसेकेरा स्कूल में छात्रों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस बागबाहरा के एसडीएम सृष्टि चंद्राकर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बागबाहरा फकीरचरण पटेल द्वारा संकुल कसेकेरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल कसेकेरा का निरीक्षण किया गया।

शाला प्रारम्भ दिवस के अवसर पर एसडीएम ने विद्यालय की साफ-सफाई एवं शाला में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर प्रशंसा करते हुए कहा कि अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण बच्चों को आकर्षित करता है। उन्होंने कक्षा की सजावट, आईसीटी रूम, एंड्रॉयड टीवी, कंप्यूटर, सीसीटीवी लाउडस्पीकर से शिक्षण के बारे में प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने



प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बालिका रेस्ट रूम, कार्यालय में लगे फ्लेक्स जानकारी को ध्यान से अवलोकन करते हुए 3 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी ली। पुस्तकालय, कबाड़ से जुगाड़, सोलर सिस्टम द्वारा संचालित यंत्रों की सराहना की। किचन गार्डन में बनाए गए लर्निंग स्टेशन में बैठकर बच्चों से चर्चा करते हुए पढ़ाई लिखाई की बात की।

उन्होंने बच्चों के लिए सभागार बनाने का प्रस्ताव सीईओ जनपद को तैयार करने, समतलीकरण कर सुविधा प्रदान करने को कहा। इस अवसर पर सीईओ बागबाहरा, प्राचार्य पवन चक्रधारी, जनपद सदस्य कल्पना संतोष यादव, पंच बल्ला ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों को टीका गुलदस्ते एवं मिठाई के साथ निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया। पंजी में कबाड़ से जुगाड़ थीम पर बने गमलों एवं सहायक शिक्षण सामग्रियों, शाला प्रारंभ पूर्व तैयारी की सराहना की। संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया के कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर व्याख्याता लोकूराम चंद्राकर, प्रेमीन दीवान, शिक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मी साहू, कामाक्षी चंद्राकर, पटवारी भंगीराम ध्रुव, जीतूराम सोनवानी, गुलाब साहू, दुलेश्वर साहू, कोमल साहू, अनुसुइया साहू, राहुल ध्रुव, मोनेश देवांगन, मेमबाई यादव, सेवती यादव आदि मौजूद रहे।

## चंडी मंदिर परिसर में हुआ चक्रधारी कुंभकार समाज संघ का महासभा सम्मेलन, राणा बने केंद्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

चक्रधारी कुंभकार समाज संघ महासमुंद जिला इकाई का 11 वाँ महासभा सम्मेलन चंडी शक्तिपीठ बागबाहरा में हुआ। मंच संचालक दरवन चक्रधारी द्वारा महासभा के सभापति के निर्देश अनुसार कार्यक्रम को गति प्रदान किया गया। समाज के प्रमुख वक्ताओं ने बारी -बारी से अपने अपने बात रखते हुए समाज के एकता और संगठन पर बल दिया। बाद आय व्यय की जानकारी समाज बंधुओं के समक्ष रखा। कुछ समाज के लोगों ने आपत्ति भी दर्ज कराई। जिस पर केंद्रीय कमेटी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पुनः ऑडिट करने का सकारात्मक पहल करने को कहा गया। सभापति के आदेश से पर्यवेक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडे, सेतराम राणा, खेमचंद चक्रधारी, मोहेन्दर पांडे को नियुक्त कर विधिवत चुनाव संचालन किया गया। जिसमें नवनियुक्त केंद्रीय पदाधिकारी में अध्यक्ष बृजलाल सिंह राणा, उपाध्यक्ष मोरतध्वज चकधारी, पवन चक्रधारी, उपाध्यक्ष दो पद जीत किया गया, केंद्रीय सचिव जेठू राम चक्रधारी, केंद्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष घनश्याम चक्रधारी, उपाध्यक्ष रंजित चक्रधारी, सह सचिव सेत राम राणा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चक्रधारी, संरक्षक नैन सिंह, चक्रधारी, मिडिया प्रभारी डमरू चक्रधारी, नारी शक्ति के रूप में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमेश्वरी चक्रधारी, उपाध्यक्ष लसिता चक्रधारी निर्वाचित हुए। समाज के विभिन्न मांग को शासन स्तर पर ले जाने के लिए भी राज्य स्तरीय समिति का गठन कर सदस्यों को मनोनीत भी किया गया। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष



रामेश्वर चक्रधारी, उपाध्यक्ष उत्तम राणा, लखन चक्रधारी, जिलाध्यक्ष मोरत ध्वज चक्रधारी, जिला उपाध्यक्ष नेताराम पांडे, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम चक्रधारी, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा कुमार राणा, भरत चक्रधारी, कमल चक्रधारी, लुभेश्वर चक्रधारी, केजू चक्रधारी, मेघराज, सियाराम, कार्तिकराम, हुकुम, बेनीराम, महिला प्रकोष्ठ से खुशबू चक्रधारी सहित आठ सर्कल का पदाधिकारी नियुक्त किया गया। परसुली सर्कल एक से सरपंच पद के लिए सियाराम पांडे, कौशलर मेघराज पांडे, बिंद्रावन सर्कल दो से सरपंच अमृतलाल राणा, कौशलर लुभेश्वर पांडे, उखरा सर्कल तीन से भारत पांडे, कौशलर जगतराम पांडे, खेमड़ा सर्कल चार से कार्तिक राम चक्रधारी, कौशलर मूलचंद चक्रधारी, फरोदा सर्कल पांच से नंदकुमार चक्रधारी, कौशलर नेहरूलाल, पिथौरा सर्कल छह से दाऊराम राणा, कौशलर बेदव्यास पांडे, सुखरीडबरी (खल्लारी ) सर्कल सात से सरपंच दयाराम चक्रधारी, कौशलर कमल चक्रधारी, अमाकोनी सर्कल आठ जय मां चंडी से रूपचंद चक्रधारी, कौशलर सुखराम चक्रधारी आदि शामिल है।




